जुआंग जनजाति लैंगिक संतुलन की मिसाल, 54 गांवों में हैं निवासरत

4




## खबर संक्षेप

### सुपरवाइजर शर्मा को दी गई विदाई



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तमता में बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित होकर महिला सुपर वाइजर पुष्पांजलि शर्मा को पुष्प गुच्छ भेट कर उनके कार्यकाल में किए गए कामों को लेकर प्रशंसा किए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि शर्मा के कार्यकाल की प्रशंसा की और उनके योगदान को सराहा। विदाई समारोह में पुष्पांजलि शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। डॉ जेम्स मिंज ने अपने संबोधन में पुष्पांजलि शर्मा के स्वास्थ्य सेवा में योगदान को सराहा। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तमता के मुख्य चिकित्सक डॉ प्रवीण किंडो, शेखपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ राजेंद्र निषाद एवं अस्पताल के महिला स्वास्थ्य कर्मी अन्य स्टॉप मौजूद थे।

### सभी बच्चे एनएमएस परीक्षा में सम्मिलित हों: सूर्यवंशी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शिक्षकों का स्वप्रेरित राष्ट्रीय नवाचारी समूह के प्रमुख एस सूर्यवंशी जशपुर जिला प्रभारी मंजूला झा शिक्षक के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनोरा के बच्चों से भेंट कर सभी बच्चों को पेन एवं अन्य शैक्षिक सामग्री भेंट कर उन्हें राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किये। सूर्यवंशी माध्यमिक शाला डुमरटोली में बच्चों से मिलने आए जहां पर शिक्षक पालक बैठक चल रहा था यहां बच्चों व अभिभावकों को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के टिप्स दिए। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परिक्षा उत्तीर्ण कर चुकी कुमारी पूनम शिक्षक संजीव यादव ने नवाचारी शिक्षक समूह प्रमुख एवं शाला समिति सदस्यों को बताया कि विगत वर्ष हमारे विद्यालय से कुमारी पूनम राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा उत्तीर्ण की है और इसका लाभ उसे इस वर्ष से मिल रहा है। इस वर्ष भी हम प्रयासरत हैं। शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष मधुमती की ओर से सूर्यवंशी को पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सरडीह के कल्पनाथ के परिवार को मिला जीवन जिने का सहारा



**बगीचा।** गरीबी और बीमारी से जूझ रहे एक असहाय परिवार के लिए "अन्नपूर्णा मुहिम"किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई। संत रामपाल महाराज द्वारा संचालित इस मानवीय सेवा अभियान के अंतर्गत सरडिह निवासी कल्पनाथ राम (36 वर्ष) के परिवार को जीवनयापन के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। जानकारी के अनुसार, कल्पनाथ राम पिछले छह वर्षों से पैरालिसिस (लकवा) की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। उनके शरीर का बायां हिस्सा पूरी तरह से काम नहीं करता। परिवार में उनकी पत्नी दुजकुवेर (33 वर्ष) और तीन बच्चे हैं 1 चन्द्रदीप (13 वर्ष, कक्षा 8वीं), 2 बिनोद (12 वर्ष, कक्षा 7वीं), 3 दीपाशा (9 वर्ष, कक्षा 4वीं)। पति की बीमारी के कारण परिवार की सारी जिम्मेदारी दुजकुवेर पर आ गई है। वे गांव में छोटे-मोटे काम और बोनी-भूती करके परिवार चलाती हैं। लेकिन आज के महंगाई भरे दौर में 1000 की मासिक पेंशन और राशन कार्ड से मिलने वाले 35 किलो चावल से गुजारा करना अत्यंत कठिन हो गया है।

## कई सहकारी समितियों में कामकाज ठप

# एक दिन बाद होनी है धान खरीदी और समिति कर्मचारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में सहकारी समिति कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण धान खरीदी पर संकट मंडरा रहा है। वही 15 नवंबर से प्रदेश में शुरू होने वाली धान खरीदी के लिए कर्मचारी संघ ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है, जिससे प्रदेश की कई सहकारी समितियों में कामकाज ठप हो गया है 1

- धान की कटाई में जुटे हैं किसान

वही तमता क्षेत्र के किसान अपना अपना धान कटाई मिसाइ में जुटे हुए हैं और मंडी खुलने का इंतजार कर रहे हैं। सरगुजा संभाग के कार्यकारी अध्यक्ष अजय साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ आह्नान पर अनिश्चित कालीन आंदोलन संभाग स्तरीय जारी है 1 सरकार हमारी चार सूत्रीय मांगों को अगर पूरा नहीं करती है तो हमारे द्वारा धान खरीदी का बहिष्कार करते हुए हड़ताल जारी रहेगा जिसमें पहला मांग यह है। वेतन विसंगति दूर करना कर्मचारियों के वेतन में व्याप्त असमानताओं को दूर कर उचित वेतनमान लागू किया जाए। दूसरी मांग नियमितीकरण,संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाए। तीसरी मांग, पदोन्नति नीति



लागू करना कर्मचारियों के लिए स्पष्ट पदोन्नति नीति लागू की जाए। चौथी मांग, सेवानिवृत्ति लाभों में सुधार कर्मचारियों को बेहतर सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान किए जाएं। इसके अलावा, कुछ अन्य मांगें भी हैं, जैसे कि धान खरीदी में 3 प्रतिशत सुखत (धान के वजन में नमी के कारण कमी) को मान्य करना, मध्य प्रदेश की तर्ज पर सहकारी समितियों को प्रबंधकीय अनुदान देना, और संविदा ऑपरेटरों को नियमित करने की मांग संभाग स्तरीय कर रहे हैं।

### अभी तक नहीं हुई है तैयारी

वहीं इस आंदोलन के कारण धान खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। केंद्रों में ताला लगने से किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और सहकारी समितियों में कामकाज ठप जहां 3 दिन बाद केंद्रों में धान खरीदी शुरू होने वाली है और केंद्रों में अभी तक साफ सफाई ना ही भवनों की रंग रोगन एवं किसी प्रकार की अभी तक तैयारी नहीं की गई है। वही कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे काम पर नहीं लौटेंगे। सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### 46 केन्द्रों में की गई कर्मचारियों की व्यवस्था

अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक ली। खरीदी केन्द्रों जशपुर के सभी धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी वर्तमान में अनिश्चत कालिन हड़ताल पर होने के कारण राज्य शासन के निर्देश पर जिले के सभी 46 उपार्जन केन्द्र प्रभारियो के स्थान पर दिनांक 12.11.25 को शासकीय कर्मचारियो को नियुक्त किया जा कर आज दिनांक 13.11.25 को अपर कलेक्टर जिला जशपुर की अध्यक्षता में धान उपार्जन के संबंध में विशेष प्रशीक्षण एव उपार्जन कार्य शासन नियम एवं निर्देशो के आधार पर किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो हजार बोरी धान और पिकअप जब्त

# तीन व्यापारियों के गोदामों में उड़नदस्ता की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धान खरीदी से एक दिन पूर्व प्रशासन की टीम ने कड़े तेवर दिखाकर अवैध धान के खरीदी विक्री के मामले में बड़ी कार्यवाही की है।

एसडीएम आरएन बिसेन ने बताया कि जिला कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्यवाही में वे स्वयं अनुविभागीय अधिकारी (रा) पत्थलगांव ऋतुराज सिंह बिसेन के नेतृत्व में धान के अवैध परिवहन हेतु गठित उड़नदस्ता दल खाद्य निरीक्षक अजय प्रधान, मंडी उप निरीक्षक जगदीश सोनी द्वारा सुरंगपानी के अमन गुप्ता के गोदाम में दबिश देकर 260 क्विंटल अवैध धान भंडारण एवं 30 क्विंटल धान पिकअप में लोड को कोतबा पुलिस को वाहन सहित सुपुर्द किया जबकि सुरंगपानी के नरेश अग्रवाल के

- एक व्यापारी के गोदाम को किया सील
- कलेक्टर के निर्देश पर पत्थलगांव एसडीएम, खाद्यनिरीक्षक की कार्रवाई



गोदाम में दबिश देकर 1200 बोरी धान यानी 450 क्विंटल वहीं कोतबा के अभिषेक शर्मा के यहां 110 बोरी धान अवैध धान जप्ती की कार्यवाही करते हुये बताया कि कोतबा के व्यापारी के गोदाम को शील करते हुये कोतबा पुलिस की निगरानी में रखने के निर्देश दिये गये है। प्रशासन के ताबड़तोड़ इस तरह की कार्यवाही से अवैध धान का गोरखधंधा करने वाले व्यापारियो में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम आरएस बिसेन की अगुवाई में उड़नदस्ता दल इस बार पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। एस डी एम की अगुवाई में सुरंगपानी में उड़नदस्ता दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो व्यापारियों के गोदाम में दबिश दी है। इसमें कई क्विंटल अवैध धान बरामद किया गया है।

विदित हो कि जिले का कोतबा इलाके में बड़े पैमाने पर धान की पैदावार होती हैं। और यहां जीले भर से सबसे अधिक उपार्जन केंद्र भी माना जाता है.उपार्जन के साथ ही अवैध तस्करी के लिए संदेहास्पद रहा है। शासकीय धान खरीदी के समय में यहां बड़ी संख्या में बिचौलिया किस्म के लोग सक्रिय हो जाते हैं जो सहकारी समितियों में धान की अवैध खरीद फरोख्त में भूमिका निभाते हैं। कलेक्टर रोहित कुमार व्यास के निर्देशानुसार एसडीएम आर एस बिसेन के द्वारा धान की अवैध तस्करी पर रोक थाम के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। एसडीएम के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल इस बार पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। गुरूवार को एसडीएम ⏭ शेष पेज 4 पर

## वृक्षों का उपचार कर किया गया सुरक्षित



**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत वन परिक्षेत्र मनोरा के सरडीह में कुछ अज्ञात तत्वों द्वारा विगत सप्ताह रात्रि में एक ही जगह पर लगभग 150 साल वृक्षों की गर्डलिंग कर गंभीर पर्यावरणीय क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया। वन विभाग अपराधियों की तलाश करने में तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है एवं ऐसे घटनाओं के प्रति सतर्क रहने व घटना घटित होने पर विभाग को त्वरित सूचित करने समझाइश दे रही है। वनकर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से 200 मिश्रित -करंज, अर्जुन, सिंदूर व अन्य लगवा लिए हैं। गर्डलिंग किए गए साल वृक्षों की मिट्टी, प्लांट मूल हार्मान पाउडर, दीमक रोधी रसायन मिश्रण का लेप लगाकर पट्टी की गई है, जिससे क्षतिग्रस्त वृक्षों का उपचार कर जीवित रखा जा सके।

## फोर्टीफाइड चावल के प्रचार के लिए रथ रवाना

**जशपुरनगर।** जिले में कुपोषण उन्मूलन और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से पोषक तत्वों से युक्त चावल फोर्टीफाइड चावल के प्रचार-प्रसार हेतु रथ को आज अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर लोगों को फोर्टीफाइड चावल के महत्व की जानकारी देगा और इसके उपयोग के लिए प्रेरित करेगा।

- पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी आशीष चतुर्वेदी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर साहू ने कहा कि शासन की यह पहल आमजन को कुपोषण



से मुक्ति दिलाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी है।

उन्होंने बताया कि फोर्टीफाइड चावल में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए जाते हैं, जो शरीर में रक्त की कमी को दूर करने, थकान, कमजोरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। जिला खाद्य अधिकारी चतुर्वेदी ने इस दौरान यह स्पष्ट किया कि फोर्टीफाइड चावल के बारे में समाज में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जैसे यह कृत्रिम या हानिकारक होता है, परंतु यह गलत है।

फोर्टीफाइड चावल पूरी तरह सुरक्षित और प्रमाणित तकनीक से तैयार किया जाता है। यह चावल सामान्य चावल की तरह ही पकाया और खाया जा सकता है।

## एनएच-43 किनारे जंगल में मिला मानव सिर का टुकड़ा

**जशपुरनगर।** एनएच-43 के किनारे जंगल में मानव शव का हिस्सा मिलने से गुरुवार दोपहर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

डोडकाचौरा स्थित नाना ढाबा के पास जंगल की झाड़ियों में स्थानीय लोगों को एक मानव सिर का टुकड़ा दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत जशपुर पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलते ही एसडीओपी चंद्रशेखर परमा और थाना प्रभारी आशिष तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि यह हिस्सा संभवतः किसी कब्र से किसी जंगली जानवर द्वारा खींचकर लाया गया हो, क्योंकि आसपास किसी प्रकार के संघर्ष या ताजा अपराध के निशान दिखाई नहीं पड़े। सावधानी बरतते हुए पुलिस ने मामले को संदेहास्पद माना है और हर एंगल से जांच के लिए एफएसएल



टीम को मौके पर बुलाया है। फॉरेंसिक जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह हिस्सा किसी पुराने दफनाए गए शव का है या किसी अन्य संदिग्ध परिस्थिति में यहां पहुंचा। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में शव से संबंधित सुराग, पुरानी दफनाने की घटनाएं और हाल के गुमशुदगी मामलों की भी जांच कर रही है। इलाके में दहशत का माहौल है और लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

## बगीचा विकासखण्ड में लगा मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत बगीचा विकासखंड में मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक द्वारा 01 करोड़ 50 लाख 50 हजार रूपए 94 समूह को एवं 59 लाख रूपए 59 हितग्राहियों हेतु व्यक्तिगत मुद्रा लोन की स्वीकृति प्रदान की गई।

मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष गायत्री नागेश उपस्थित थे। इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि में अरविंद गुप्ता, जनपद सदस्य सविता नागेश, दिनेश्वरी केरकेट्टा, जिला पंचायत से डीएलएम वाल्टर भेंगरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वित्तीय समावेशन अमीन खान, जिला प्रमुख साधन अखिल प्रसन्ना सेठ, जनपद पंचायत




बगीचा से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी रमेश सोरी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक बिहान रंगेश साहू, सह. वि.वि अधिकारी मिशेल खलको, क्षेत्रीय समन्वयक टीपेन्द्र यादव, अलमा कुजूर, सभी बैंकों से ब्रांच मैनेजर, पीआरपी एवं बिहान की 360 महिलाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष द्वारा बिहान के महिलाओं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया एवं बैंक मैनेजर द्वारा बिहान की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान किया गया।

# पति की हत्या कर शव को सूटकेस में बंद करने वाली महिला आई पुलिस की गिरफ्त में

**जशपुरनगर।** थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ग्राम भिंजपुर में पति की हत्या कर शव को सूटकेस में छुपाकर फरार हुई आरोपी महिला मंगरीता भगत आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गई। जशपुर पुलिस की विशेष टीम ने महाराष्ट्र के मनमाड़ जंक्शन, नासिक से उसे धरदबोचा। 9 नवंबर को ग्राम भिंजपुर स्थित एक घर में संतोष भगत का शव एक ट्रॉली सूटकेस में बरामद हुआ था। मृतक के बड़े भाई विनोद भगत की रिपोर्ट पर थाना दुलदुला में बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध



पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी मंगरीता भगत उम्र 40 वर्ष को मुख्य आरोपी के रूप में चिन्हित कर लिया था, जो घटना के बाद से फरार थी।

### एसएसपी ने बनाई विशेष टीम

फरार आरोपी को पकड़ने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई।टेक्निकल टीम और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पता चला कि महिला मुंबई भागने की फिराक में है।टीम ने लगातार ट्रैवल रूट खंगाले और आखिरकार मनमाड़ रेलवे जंक्शन नासिक, महाराष्ट्र से मंगरीता भगत को पकड़ा।

### पूछताछ में खोले क़त्ल के राज

पूछताछ में मंगरीता भगत ने हत्या की बात स्वीकार करते हुए चौंकाने वाली जानकारी दी। आरोपी पूर्व में मुंबई में काम करती थी, जबकि संतोष भिंजपुर में ही रहता था। गांव में रिश्तेदारी के देवर विनोद के साथ उसके प्रेम संबंध को लेकर पति-पत्नी में लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना वाली रात मृतक शराब के नशे में था और खाना न देने पर पत्नी से झगड़ा करने लगा। क्रोध में आरोपी घर से निकल कर अपनी बेटी से बात करने लगी, इसी बीच मृतक पति ने दरवाजा बंद कर दिया आरोपियों के कहने पर दरवाजा नहीं खोलने से उसने ने घर के बाहर रखी गैंती से दरवाजे का किवाड़ तोड़ा, जिसके गिरने से संतोष नीचे दब गया। अंदर घुसकर उसने शील पट्टा ⏭ शेष पेज 4 पर

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन

# हस्तिनापुर में युवाओं ने दिया समाज सेवा और संस्कारों का संदेश

**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला हस्तिनापुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह समापन समारोह हर दृष्टि से ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुनकुरी की अध्यक्ष सुशीला साय, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष गौरन राम चौहान, तथा आर्मी के सेवा निवृत्त सब इंस्पेक्टर रामकिशुन चौहान ने स्वामी विवेकानंद, विद्यादायिनी मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर



दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान द्वारा भावभरी शब्द श्रृंगार से किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत भारत वंदना गीत, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, करमा नृत्य एवं कॉमेडी नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम अधिकारी खान ने शिविर के सात दिनों में संपन्न गतिविधियों की जानकारी दी और मुख्य अतिथि साय के आगमन को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति समर्पण भाव का प्रतीक बताया।

### मुख्य अतिथि सुशीला साय ने अपने उद्बोधन में कहा

"देश को विकास की दिशा में ले जाने के लिए युवाओं को जागरूक, संस्कारवान और राष्ट्रभक्त बनना होगा। जब युवा समाज को सुधारने का बीड़ा उठाएंगे, तभी स्वामी विवेकानंद का 'नए भारत' का सपना साकार होगा।"साय ने शिविरार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि रामकिशुन चौहान ने अपने संबोधन में नशामुक्त समाज निर्माण का संदेश दिया, जबकि अध्यक्ष गौरन राम चौहान ने एक प्रेरणादायक गीत के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया। शिविरार्थी अम्बिका कश्यप ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।


BMC विद्या ददाति विनयम्

बी.एम. कॉलेज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध

विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम

B.Ed.

कॉलेज कोड-114336

ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक

गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग

Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065

Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स

प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट

लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने इंजीनियरिंग कॉलेज को दी 26 पुस्तकें

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग विषयक पुस्तकों का संग्रह प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि जिपं सीईओ ने कम्प्यूटर साइंस में बीटेक की पढ़ाई की है। उन्होंने अपने पुस्तक संग्रह में से इंजीनियरिंग संकाय से संबंधित पुस्तके कॉलेज को प्रदान की है।

### तुरना स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिया गया फल



**अम्बिकापुर।** भूमिजा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुरना के छात्रों को पोषण हेतु फलाहार, दांतों की सफाई हेतु मंजन और फलों का रस निःशुल्क वितरित किया गया साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ की डॉ.जया अग्रवाल द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान डॉ.अग्रवाल ने शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव की जानकारी दी तथा स्वच्छता की जानकारी दी। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, सचिव पवन केडिया, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार अम्बष्ट आदि उपस्थित थे।

### ओपीएस के वार्षिक मिनी स्पोर्ट्स में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चल रहे वार्षिक मिनी स्पोर्ट्स के तहत प्री-प्राइमरी विंग के विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं में नर्सरी, एलकेजी के फेच एन रन रेस में नर्सरी के अनाया पैकरा एवं अनंत प्रताप सिंह प्रथम रहे तथा एलकेजी के सरस्वती मिंज एवं मो.माहिर अंसारी यूकेजी के कलेक्ट एन स्कोर रेस में काव्या कुशवाहा एवं मानविक पैंकरा, कक्षा पहली से कंगारू रेस में प्रिशा दुबे एवं विहान पैंकरा, कक्षा दूसरी के डक रेस में आयजा खान एवं तौसिफ आलम, कक्षा तीसरी के हर्डल रेस में साजिया परवीन एवं मो.उजैर रजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईएखान सूरी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### जिले में जन्म पंजीयन पर रोक लगाने की मांग भाजपा नेता ने केबिनेट मंत्री को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** जन्म पंजीयन की बढ़ती गड़बड़ियां और एसआईआर प्रक्रिया में उसका दुरुपयोग होने के गंभीर मामले को लेकर भाजपा मण्डल शिवनंदनपुर के महामंत्री शितिकांत स्वाई ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को पत्र लिखकर फरवरी माह तक जिले में सभी जन्म पंजीयन कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। भाजपा नेता शितिकांत स्वाईं बाबू ने पत्र में उल्लेख किया है कि सूरजपुर जिले के जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय में एक विशेष समुदाय के कुछ लोगों द्वारा समग्र आईडी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का गलत फायदा उठाया जा रहा है, बाहरी क्षेत्रों के लोग जन्म पंजीयन आदेश प्राप्त कर अपने लिए नए जन्म प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। जिसमें वे अपने मनमुताबिक स्थाई पते का उल्लेख कर रहे हैं, यह जन्म प्रमाण पत्र बाद में एसआईआर में प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधि एसआईआर प्रणाली की विश्वसनीयता और प्रशासनिक पारदर्शिता पर सीधा खतरा है। उन्होंने कहा कि अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा तो जिले की जनसंख्या आंकड़ों और सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थियों की संख्या में बेशुमार वृद्धि आ सकती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य नागरिकों का सटीक और एकीकृत डेटा तैयार करना है, लेकिन कुछ तत्व इस प्रक्रिया को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं,ऐसे में फरवरी तक पंजीयन को पूरी तरह रोका जाए और केवल सत्यापित मामलों को ही अनुमति मिले, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि किसी आवेदक को वास्तव में पंजीयन की आवश्यकता हो, तो ग्रामीण स्तर पर पंचनामा तैयार कर ग्रामीणों के हस्ताक्षर लिए जाएं और उसके बाद सभी गवाहों को जिला सांख्यिकी या तहसील कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर बयान देना अनिवार्य किया जाए,उन्होंने कहा कि अगर बाहर के लोग जिले में आकर अपनी सुविधा के अनुसार प्रमाण पत्र बनवाने लगेंगे, तो स्थानीय नागरिकों के अधिकार और सरकारी योजनाओं के लाभ दोनों प्रभावित होंगे,यह स्थिति जिले के सामाजिक संतुलन को भी बिगाड़ सकती है।

## बसकर मोड़ ब्लैक स्पॉट पर आए दिन होती है दुर्घटनाएं

# स्टेट हाईवे 12 बना डेंजर जोन, 10 साल में 60 हादसे, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

एक तरफ जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के प्रति लोगों को जागरूक करने शिविर सहित विभिन्न आयोजन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाली मौतों के लिए जिम्मदार ब्लैक स्पॉट में सुधार की दिशा में शासन प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। ऐसे में अब स्टेट हाइवे 12 के पटना–भैयाथान मार्ग पर ग्राम बसकर में बना 90 डिग्री का मोड़ अब जानलेवा ब्लैक स्पॉट बन चुका है। दृश्य बाधित होने और सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

**खास बात**

- सुरक्षा इंतज़ाम शून्य, सड़क विभाग की लापरवाही पर ग्रामीण नाराज़

स्टेट हाइवे 12 के पटना–भैयाथान मार्ग स्थित ग्राम बसकर मोड़ अब जानलेवा साबित होने लगा है। मोड़ इतना घुमावदार है कि बाइक या चार पहिया वाहन चालक थोड़ा सा ध्यान न तो दुर्घटना होना निश्चित है। 90 डिग्री इस मोड पर पिछले 10 वर्षों में 60 से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। इन दुर्घटनाओं के ज्यादातर मामले में भले ही रफ्तार को जिम्मेदार माना जाए परन्तु दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण निर्माण के दौरान बरती गई तकनिकी खामियां है। खतरनाक घुमाव और अंधे मोड़ है जहां चालक की थोड़ी सी चूक के कारण भी बड़ी दुर्घनाएं हुई है। सोमवार को भी एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ और रेलिंग से टकरा गया। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।



मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

### नहीं है संकेतक बोर्ड

ग्राम सरपंच सुरेश सिंह ने बताया कि मोड़ पर न तो स्पीड लिमिट का संकेतक बोर्ड है और न ही चेतावनी साइन, न रात में पर्याप्त रोशनी होती है। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण का काम भी नहीं हुआ, जिससे जोखिम और बढ़ गया है। स्टेट हाइवे पर वाहनों की गति अधिक होती है। कोई सांकेतिक चिन्ह न होने से इन स्थानों पर वाहनों की टक्कर से दुर्घटनाएं होती है। पिछले दस साल में 60 दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### की गई है सुरक्षा रेलिंग सुधार की मांग

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि सड़क विभाग और प्रशासन से इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड ब्रेकर, ग्लो साइन बोर्ड, डेंजर मार्किंग और सुरक्षा रेलिंग सुधार की तत्काल मांग की गई है। मांग अनुरूप सड़क पर यह सुविधा उपलब्ध हो गई तो भविष्य में जनहानि को रोका जा सकता।

### नहीं है ब्लैक स्पॉट

स्टेट हाइवे स्थित ग्राम बसकर मोड ब्लैक स्पॉट नहीं है। पुलिस विभाग अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करती है। पुलिस ही दुर्घटनाओं की जानकारी दर्ज करती है। फिलहाल उक्त स्थान को दिखवाता हूं।

-ललित भोई
ईई लोक निर्माण विभाग सूरजपुर



## राजपुर क्षेत्र का बैगन मचा रहा बंगाल की मंडियों में धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

किसानों ने अब पारंपरिक खेती की सीमाओं को तोड़ते हुए उद्यानिकी फसलों की ओर कदम बढ़ाया है। कभी सिर्फ रबी और खरीफ फसलों पर निर्भर रहने वाला यह क्षेत्र आज बैगन, टमाटर, खीरा और मिर्च जैसी फसलों के उत्पादन में पहचान बना चुका है। खासकर यहां का बैगन अब बंगाल के खड़गपुर मंडी में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण खूब मांग में है, जिससे किसानों की आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

- उद्यानिकी फसलों की ओर किसानों की बढ़ी रुची

विकासखण्ड के ग्राम नवकी सरनापारा के प्रगतिशील किसान माधव शाह ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष तीन एकड़ भूमि में बैगन और खीरा की खेती की है। इस पर करीब 6 से 8 लाख रुपए की लागत आई लेकिन अब तक वे 20 लाख रुपए से अधिक की बिक्री कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि बंगाल के खड़गपुर मंडी से व्यापारी सीधे राजपुर पहुंचकर बैगन की खरीद कर रहे हैं और किसानों को बाजार भाव से बेहतर दर दे रहे हैं। किसान का कहना है कि उन्होंने खेती में वैज्ञानिक पद्धति अपनाई, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ। उद्यानिकी खेती अब सिर्फ जीविकोपार्जन नहीं रही, बल्कि एक व्यावसायिक अवसर बन चुकी है। अगर सरकार से उचित सहयोग मिले तो यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में प्रदेश का प्रमुख उद्यानिकी केंद्र बन सकता है। क्षेत्र में अब कई किसान बैगन, टमाटर और अन्य सब्जी फसलों की व्यावसायिक खेती की ओर अग्रसर हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं बल्कि यहां से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर सब्जियों का निर्यात हो रहा है। हालांकि किसानों के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। माधव शाह ने बताया कि खुले मवेशियों (उड़ेले जानवरों) की समस्या सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। कई बार यह मवेशी रातोंरात खेतों को नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों के लिए योजनाएं चाहे जितनी आएं, लेकिन अगर उड़ेले मवेशियों की समस्या खत्म नहीं हुई तो मेहनत बेकार हो जाएगी।



## यूथ डायलॉग सीरीज में लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता का व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ डायलॉग सीरीज अंतर्गत विशेष सत्र में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता का व्याख्यान हुआ। लेफ्टिनेंट श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए अपने जीवन के अनुशासन, समर्पण और संघर्ष के अनुभव साझा किए तथा युवाओं को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने करियर योजना, परीक्षा की तैयारी और व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा कहा कि विद्यार्थी इंटरनेट और एआई टूल्स का रचनात्मक उपयोग कर नए अवसरों की खोज करें और एक-दूसरे से सीखने की संस्कृति विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे साथियों का चयन करने, टीमवर्क को बढ़ावा देने और सीखने की मानसिकता बनाए रखने की सलाह दी। लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता बतौली ब्लॉक के निवासी हैं एवं वर्तमान में भारतीय नौसेना में मुंबई में पदस्थ है। वे सैनिक स्कूल अंबिकापुर के पूर्व छात्र है। कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक प्रो.अनिल सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ.दीपक सिंह, लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार उपस्थित थे।

- लक्ष्य पर केंद्रित होकर पढ़ाई करने की ही सलाह

## उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में रेल, सड़क और एम्स खोलने की बहुप्रतीक्षित मांग तेज

**बिश्रामपुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक बार फिर से जन आवाज बुलंद हुई है,सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा ने भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नीतिन नवीन को एक पत्र भेजकर त्रिबिंदु समस्या सड़क, रेलमार्ग और स्वास्थ्य सुविधाओं के समाधान की मांग की है,पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि अंबिकापुर उत्तरी छत्तीसगढ़ का हृदय स्थल है,विकास के लिए आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहा है,यह क्षेत्र चार राज्यों क्रमशः उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड और उड़ीसा का प्रवेश द्वार होने के बावजूद विकास की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाया है।

पत्र में उल्लेख है कि अंबिकापुर- बरवाडीह रेल परियोजना जिसे ब्रिटिश शासन के समय 1935-36 में स्वीकृति मिली थी,जो आज तक अधूरी पड़ी है,यह रेल लाइन यदि पूरी कर दी जाए तो सरगुजा संभाग देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा,परंतु अफसोस कि लगभग एक सदी बाद भी तीन पग आगे रेल पटरी नहीं बढ़ सकी,इस रेल लाइन से न केवल उत्तर छत्तीसगढ़ का औद्योगिक व व्यापारिक विकास होगा,बल्कि पंडो व कोरवा जैसी विशेष जनजातियों के क्षेत्र में भी रोजगार और संसाधनों की नई संभावनाएं खुलेंगी,उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा की भयावह स्थिति पर भी चिंता जताते हुए उल्लेख किया है कि सरगुजा संभाग के लोग आज भी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रायपुर,बनारस, जबलपुर या रांची जाने को मजबूर हैं,कई बार तो आर्थिक अभाव के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं,इसलिए अंबिकापुर में एम्स की स्थापना की जाए, जिससे गरीब व आदिवासी वर्ग को अपने ही संभाग में उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा मिल सके,उन्होंने बताया कि 9 जनवरी 2024 को कंदरई में हुए प्रदेश स्तरीय बिंझिया जाति सम्मेलन में सरपंचों द्वारा मुख्यमंत्री को एम्स खुलवाने हेतु हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है,उन्होंने अंबिकापुर से हाथीनाला तक 140 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की भी मांग की है,यह सड़क बनारस-अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर-विशाखापट्टनम को जोड़ देगी, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के समान महत्व रखेगी,उन्होंने कहा कि यह परियोजना यदि अमल में आती है तो उत्तर भारत के बाजार सीधे विशाखापट्टनम बंदरगाह से जुड़ जाएंगे,इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा,राष्ट्रपति के गोद पुत्र पंडोनगर में आज भी उपेक्षा का वातावरण है।वर्ष 1952 में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे गोद लिया था, पर आज भी उस क्षेत्र का विकास अधूरा है।

## भगवान बिरसा मुंडा की मनाई जाएगी 150वीं जयंती

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाएं जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देश के परिपालन में जिले के शासकीय कार्यालयों, शासकीय संस्थानों, आश्रम, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों आदि सेवा केन्द्रों, पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जिसके माध्यम से जनजातीय समाज के इतिहास, संस्कृति, परंपरा और उनके योगदानों जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही 15 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजातीय वर्ग के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर आधार, प्रधानमंत्री जनधन खाता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न लाईव स्टॉल के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के विकास से जुड़े पीएम जनमन, आदि कर्म योगी, धरती आबा आदि योजना से जुड़े लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा, सफलता की कहानियां भी साझा की जाएगी, लाभार्थियों से संवाद किया जाएगा, जनजातीय प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पाती का वाचन भी किया जाएगा। 15 नवंबर को प्रभात फेरी जन जागरूकता यात्रा, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## नवाचार के लिए करवां ने शीर्ष तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में प्राप्त किया स्थान

**करवां।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, रायपुर में इसरो विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्जीबिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षक विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा जगत और वैज्ञानिक नवाचार का प्रतीक बना। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीरा सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तैयार की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता सतीश कुमार भारद्वाज और राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में किए जा रहे नवीन प्रयोगों और शैक्षणिक नवाचारों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यालय द्वारा प्रस्तुत इन नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे इन प्रयासों के लिए विद्यालय को देश के 75 चयनित विद्यालयों में शीर्ष तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी हुई है। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों ने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया और उपग्रह की संरचना, रॉकेट प्रक्षेपण की प्रक्रिया तथा अंतरिक्ष में उपग्रहों की कार्य प्रणाली से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिकों के अनुभव और मार्गदर्शन से शिक्षकों को विज्ञान शिक्षण के नए आयामों की समझ मिली। विद्यालय की यह उपलब्धि आने वाले समय में छात्रों के लिए प्रेरक उदाहरण बनेगी। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान, शोध और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे देश के वैज्ञानिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे।




## एसआईआर के लिए ग्राम स्तर पर किया गया निरीक्षण

**सलका अघिना।** भारत निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा डोर-टू-डोर एसआईआर गहन पुनर्निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान भैयाथान तहसीलदार शिवनारायण राठिया एवं भटगांव तहसीलदार निलीमा लकड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें गड़ना पत्रक भरने की अंतिम तिथि जो 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक है। इस दौरान बीएलओ को घर घर जाकर गणना पत्रक बांटना है गणना पत्रक में मतदाता अपनी जानकारी भरकर बीएलओ को वापस करेंगे जिसका तहसील स्तर पर सत्यापन होना है। भैयाथान तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने निर्धारित तिथि तक सख्त हिदायत देकर कार्य को पूरा करने को कहा। इस दौरान भाग संख्या 183 सलका 2 के बीएलो अन्नपूर्णा गुप्ता, पटवारी अर्चना निरंकारी, मितानीन फुलकुमारी राजवाडे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला बालोद में 7 से 11 नवम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग की टीम भी सम्मिलित हुई। सरगुजा संभाग की टीम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ के पांच छात्रों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान दिलाया । गत दिन प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राएं अपने विद्यालय वापस पहुंची जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। संस्था के प्राचार्य ओम प्रकाश सोनवानी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़ विजय कुमार, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक चंद्रशेखर कुमार, अनिल कुमार यादव, शिव कुमार साहू, अर्चना सहित सभी शिक्षकों ने पुष्प कुछ देकर के बच्चों एवं टीम के कोच और पीटीआई सुश्री बालमती यादव, अनीश तिर्की, साहिंद्र पैकरा, का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बच्चों को मिष्ठान खिलाकर और अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था की दो छात्रों एवं दो छात्राओं का चयन सीनियर टीम से राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया है।

- शंकरगढ़ की खिलाड़ियों का किया गया स्वागत



## पुलिस हिरासत में मौत की घटना की हो न्यायिक जांच

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर में पुलिस हिरासत में युवक की मौत होने के मामले में कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। पार्टी के प्रतिनिधियों ने घटना को मानव अधिकारों का उल्लंघन तथा युवक की मौत बीमारी से होने के दावे को अविश्वसनीय बताया है। युवक अस्वस्थ था तो पुलिस को उसकी चिकित्सीय जांच करानी चाहिए थी। पार्टी प्रतिनिधियों ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से घटना की जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं पुलिस की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।



## ग्राम डोमहत सेमई में पहली बार हुआ किसी सांसद का आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम डोमहत सेमई में आज पहली बार किसी सांसद का आगमन हुआ। एक तरफ जहां कोई नेता इस गांव का सुध भी लेने नहीं आया वही दूसरी तरफ भाजपा नेता अंकुर जायसवाल के निवेदन पर उनके गृह ग्राम डोमहत में सांसद चिंतामणि महराज का आगमन हुआ। पूर्व सरपंच अमर सिंह के यहां बड़ी संख्या में ग्रामीण के बीच बैठक संपन्न हुआ।

सांसद चिंतामणि महाराज का प्रोटोकॉल पूर्व से ही साइकिल वितरण हेतु केवरा एवं और भी जगह के लिए तय हो गया था। बावजूद इसके अपने प्रोटोकॉल में संशोधित कर ग्रामीणों से मिलने गांव में आए। साथ ही ग्रामीण वासियों के बीच कुछ निर्माण एवं विकास कार्य के लिए विशेष चर्चा हुई जिसमें ग्राम पंचायत सेमई में घरहरी नदी में एनीकट बांध निर्माण का सौगात मिला। सांसद ने निर्माण कार्यों का आश्वासन दिया और तत्काल सूरजपुर एरिगेशन एसडीओ से मोबाइल में चर्चा कर सर्वे के लिए निर्देशित किया। पहली बार सांसद को ग्रामीण वासी अपने बीच पाकर बहुत ही खुशी महसूस किए। इस दौरान पूर्व सरपंच अमर सिंह, सरपंच आनंद पैकरा, मायापुर सरपंच कृष्णा पैकरा, चनदोरा सरपंच सदानंद पैकरा, पूर्व सरपंच रामरतन, सीपी जायसवाल, सोन साय धुर्वे, अनिल पैकरा, राजकुमार,पवन साय, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



13-Novt- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 11/13/2025 7:33 PM Page 1





# कांतारा चैप्टर 1 अब ओटीटी पर हिंदी में हो रही रिलीज

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी के डायरेक्शन में बनी 'कांतारा चैप्टर 1' का इंतजार कर रहे हिंदी के दर्शकों के लिए खुशखबरी है। साल 2025 की सबसे अधिक कमाई करने वाली यह फिल्म अब हिंदी में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मूल रूप से कन्नड़ में बनी यह फिल्म दो हफ्ते पहले ही ओटीटी पर तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में स्ट्रीम होने लगी थी। ऐसे में हिंदी के दर्शकों की बेताबी बढ़ गई थी। अब हिंदी ओटीटी की रिलीज डेट आ गई है। साल 2022 में आई 'कांतारा' की प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' बीते महीने 2 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। 'कांतारा चैप्टर 1' का हिंदी डब वर्जन भी प्राइम वीडियो पर 27 नवंबर को रिलीज किया जाएगा।

## लाइफ Style

# गिरिजा

## सिडनी-मोनिका से हो रहीं कंपेयर

सोशल मीडिया की दुनिया में कब क्या हो जाए, कुछ पता नहीं। अगर आपने पिछले कुछ दिनों में एक्स, फेसबुक या इंस्टाग्राम को स्क्रॉल किया है, तो आपको सोशल मीडिया पर छाई 'नीली साड़ी वाली' महिला जरूर दिखी होगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ये महिला हैं, अभिनेत्री गिरिजा ओक गोडबोले, जिन्हें सोशल मीडिया पर कुछ फैंस अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी और इतालवी मॉडल मोनिका बेलुची से तुलना कर रहे हैं और उन्हें 'भारत का जवाब' बता रहे हैं। गिरिजा दो दशकों से मराठी और हिंदी सिनेमा में काम कर रही हैं। पहली बार वायरल होने के बारे में बात करते हुए, गिरिजा ने कहा, 'मैं हैरान हूं! रविवार शाम को मेरा फोन जोर-जोर से बजने लगा। मैं अपने प्ले की रिहर्सल कर रही थी और कॉल रिसीव नहीं कर पा रही थी। अचानक, मेरे सभी दोस्त मुझे मैसेज करने लगे, 'क्या तुम्हें पता है कि एक्स पर क्या हो रहा है?' गिरिजा आगे कहती हैं, 'एक ने मुझे एक पोस्ट भेजा जिसमें इस बात पर बहस हो रही थी कि यह (अभिनेत्री) प्रिया बापट हैं या मैं! फिर मेरे देवर ने मुझे बताया कि कुछ घटिया हैंडल्स ने मेरी तस्वीरें उठा ली हैं और 'भाभी प्रेमी' वाला पूरा सीन चल रहा है। कुछ पेजों ने मुझे कामुक बना दिया। लेकिन, मराठी फैंस ने कहा, 'तुमने अभी-अभी उसे खोजा है!' हम उसे सालों से जानते हैं।' जब एक्स पर मीम्स की बाढ़ आ गई, तो गिरिजा ने इसे सहजता से लिया। उन्होंने कहा, 'मैं जो काम करती हूं, वह यहीं रहेगा।



## हॉलीवुड मसाला




# फिर दिखेगी जुमांजी की दुनिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन की सुपरहिट फिल्म 'जुमांजी' का अब चौथा पार्ट आने वाला है। अभिनेता ने खुद इस फिल्म के फाइनल पार्ट की शुरुआत की घोषणा की है। उन्होंने इसे एक दिल को छू लेने वाला मजेदार रोमांच बताया है। ड्वेन इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पहले टेबल रीड के लिए लॉस एंजिल्स में इकट्ठा हुए कलाकारों की एक तस्वीर साझा की।



# 'फ्रैंकनस्टाइन' के मेकओवर में जैकब को लगे 10 घंटे

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' नेटफ्लिक्स पर हाल ही में स्ट्रीम हुई। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पेज पर ही जैकब एलोर्डी के मेकओवर का वीडियो शेयर किया गया। इसमें वह प्रोस्थेटिक मेकअप करवा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10 घंटे तक यह मेकअप चलता था। वायरल वीडियो के आखिर में भी वह फिल्म 'फ्रैंकनस्टाइन' के मॉन्स्टर के रूप में सामने आते हैं। मेकओवर के दौरान वह कभी किताब पढ़ते हैं, कभी फोन चलाते हैं। इसी डेडिकेशन के फैंस कायल हो गए। जैकब एलोर्डी के मेकओवर को देखते फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। जैकब और मेकओवर की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने फिल्म और उनके किरदार को सराहा है, फिल्म को साल की बेस्ट मूवी कहा।



# ऋतिक ने किया अनजान नंबर से फोन...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने 'टू मच विद ट्विंकल एंड काजोल' में बताया कि बॉलीवुड के एक चर्चित अभिनेता ने उन्हें रात के दो बजे फोन किया, तो वो चौंक गई थीं। कृति सेनन ने शो में कहा, 'एकमात्र व्यक्ति जिसके पोस्टर मेरे कमरे में रहे हैं, वह ऋतिक रोशन हैं। जब फिल्म 'हीरोपंती' रिलीज हुई थी, मुझे याद है कि टाइगर श्रॉफ ने उनके लिए विशेष रूप से एक स्क्रीनिंग रखी थी, और मुझे इसके बारे में पता नहीं था। मैं सो रही थी, और रात के 2 बजे, मेरा फोन बजा, और वह एक अनजान नंबर था।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं ट्रूकॉलर पर गई, तो पता चला कि ऋतिक रोशन कॉल कर रहे हैं। मुझे यह समझने में थोड़ा समय लगा कि वो क्यों कॉल कर रहे हैं। फिर मैंने सुबह होने का इंतजार किया और उन्हें वापस कॉल किया।'



# पर्सनालिटी ठीक करने के चक्कर में बुरा हाल

**नई दिल्ली।** 12 नवंबर की रात गोविंदा को अचानक चक्कर आने और बेहोशी की शिकायत के बाद मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत को लेकर फैंस में चिंता बढ़ गई थी। लेकिन. अब उन्होंने खुद सामने आकर अपनी सेहत का अपडेट दिया है। गोविंदा ने बताया कि उनकी हालत अब बेहतर है और वो आराम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग प्राणायाम और योग करते हैं, वो ज्यादा हेल्दी रहते हैं। आज की भागदौड़ में शरीर को आराम देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वो खुद अपनी पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन पर काम कर रहे हैं। लेकिन, यंगेस्टर्स को उन्होंने सलाह दी कि सिर्फ जिम नहीं, योग और प्राणायाम को भी अपने रूटिन में शामिल करें। गोविंदा के इस पॉजिटिव संदेश और मुस्कुराते चेहरे को देखकर उनके फैंस ने राहत की सांस ली है।

## टीवी मसाला




# गौरव की हरकतों से नाराज हुए प्रतियोगी, शहबाज ने संभाली कैप्टेंसी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 आए दिन रोमांचक मोड़ लेता जा रहा है। अब प्रतियोगियों को एक नया कैप्टन मिल गया है। इसके साथ ही गौरव खन्ना ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी घरवाले उनके विरोध में उतर आए हैं। शहबाज बदेशा घर के नए कैप्टन होने वाले हैं। एक्स पर पोस्ट साझा की गई जानकारी में कहा गया, 'गौरव खन्ना की कप्तानी घर में केवल एक घंटे तक ही रही और अब एचएम के जरिए असेंबली वोटिंग टास्क के बाद शहबाज बदेशा घर के नए कप्तान बन गए हैं।' यानी कि अब शहबाज बिग बॉस 19 के घर की कमान संभालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा गया है कि गौरव खन्ना के सामने दो विकल्प रखे गए। पहला या तो वे नया कैप्टन बन जाएं और पूरे घर को नामांकन के खतरे में डालते हुए 30% राशन सुरक्षित कर ले, या फिर शहबाज को कैप्टन की कुर्सी पर बिठा दें, जिससे सभी प्रतियोगियों के लिए 100% राशन और पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हालांकि गौरव ने कैप्टन बनना चुना, जिस कारण से सभी कंटेस्टेंट्स नाराज हो गए। लेकिन अब शहबाज नए कैप्टन बन गए हैं। मिड एविक्शन में मृदुल तिवारी का सफर बिग बॉस 19 से खत्म हो चुका है, अब घर में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। हर सदस्य फिनाले में जगह बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। इस बार का वीकएंड का वार भी काफी दिलचस्प होने वाला है।

## ऑनस्क्रीन भाई-बहन असल जिंदगी में हैं कपल

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरानी स्टारर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में नजर आने वालीं एक्ट्रेस शगुन शर्मा ने अपना रिलेशनशिप कन्फर्म किया है। वह को-स्टार अमन गांधी को डेट कर रही हैं। मजेदार बात यह है कि ये दोनों एक्टर्स 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में भाई-बहन बने हैं, पर असल जिंदगी में कपल हैं। शगुन शर्मा ने एक इंटरव्यू में अमन गांधी संग अपने रिलेशनशिप पर बात की। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में अमन गांधी गर्लफ्रेंड शगुन शर्मा के छोटे भाई के रोल में नजर आ रहे हैं। दोनों ने इस साल वैलेंटाइन पर जब रोमांटिक तस्वीरें शेयर की थीं, तो तभी से उनके अफेयर की चर्चाएं होने लगी थीं। अब शगुन ने एक इंटरव्यू में रिश्ता कन्फर्म कर दिया और कहा कि ये अफवाह नहीं है। वह अमन गांधी को डेट कर रही हैं और यह सच है। शगुन शर्मा ने यह भी बताया कि जब उन्हें 'क्योंकि सास भी थी' ऑफर हुआ था, तब अमन को ऋतिक विरानी के रोल के लिए पहले ही फाइनल कर लिया गया था। शगुन के मुताबिक, उन्होंने अमन से इस बारे में बात की थी कि क्या वह शो में उनके भाई का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं?



# काजोल ने शाहरुख संग साझा की रोमांटिक तस्वीरें

**मुंबई।** अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित फिल्म 'बाजीगर' साल 1993 में रिलीज हुई थी। शाहरुख खान, काजोल और शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म को रिलीज हुए 12 नवंबर को 32 साल पूरे हो गए हैं। काजोल-शिल्पा ने फिल्म से जुड़े कुछ खास पलों को शेयर किया है।



रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'बाजीगर' की अभिनेत्री काजोल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरें साझा की हैं। पहली तस्वीर में अभिनेता शाहरुख खान, काजोल को लाल गुलाब देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा दूसरी तस्वरी की बात करें, तो किंग खान और काजोल का रोमांटिक अंदाज दिख रहा है। इसमें दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, 'फिल्म 'बाजीगर' के 32 साल पूरे, एक कहानी और एक शानदार जर्नी, जिसे मैं पूरे जीवन भर संभाल कर रखूंगी।' अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'बाजीगर' का वो सीन पोस्ट किया है, जिसमें शाहरुख का किरदार उन्हें छत से धक्का दे देता है। एक समारोह के दौरान अभिनेत्री ने बताया था, 'अकबर भाई इस फिल्म के एक्शन डायरेक्टर थे, और हमने उस दृश्य को लगभग पांच बार शूट किया था।' आपको बताते चलें कि इसी फिल्म से एक्ट्रेस ने सिनेमाई कॅरियर में कदम रखा था। फिल्म 'बाजीगर' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।

# शब्बो के रोल से पूरा हुआ दिव्या का बरसों का सपना

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'वीर जारा' की रिलीज को बुधवार को पूरे 21 साल हो चुके हैं। फिल्म में दिव्या दत्ता ने शब्बो नाम का किरदार निभाया था। इस फिल्म से दिव्या का बरसों का अधूरा सपना पूरा हुआ था। दिव्या दत्ता ने 'वीर जारा' के 21 साल पूरे होने पर इंस्टाग्राम पर फिल्म की कई तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'क्या शानदार साल। इस फिल्म ने मुझे बहुत प्यार और प्रसिद्धि दी। मैं यश चोपड़ा की फिल्में देखकर बड़ी हुई और उनका निर्देशन मेरा सबसे बड़ा सपना था। आदित्य चोपड़ा और वाईआरएफ को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे शब्बो जैसा यादगार किरदार दिया। मुझे नहीं पता था कि शब्बो को इतना प्यार मिलेगा, लेकिन उनका विजन बड़ा था। इस फिल्म की यादें खास हैं। यह फिल्म हर जगह मेरे साथ चलती है।' आगे



दिव्या ने लिखा, '21 साल तक इस प्यार को पाकर और आगे भी, मैं शुक्रगुजार हूं। सेट पर मिले शानदार लोगों - शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, हेमा मालिनी, मनोज बाजपेयी, बोमेन ईरानी, अमिताभ बच्चन सर और यश चोपड़ा का बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा सपना पूरा हुआ। इस क्लासिक फिल्म से जुड़े सभी को 21 साल की बधाई।' 'वीर जारा' 12 नवंबर 2004 को रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है। फिल्म का लेखन और निर्माण उनके बेटे आदित्य चोपड़ा ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, दिव्या दत्ता, मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और किरण खेर ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। भारतीय पायलट वीर को जारा से प्यार हो जाता है। वीर प्रताप सिंह (शाहरुख खान), जो एक भारतीय वायु सेना अधिकारी हैं। पाकिस्तानी लड़की, जारा (प्रीति जिंटा) हयात खान एक पाकिस्तानी राजनेता की बेटी हैं।

## किसी ने 25 की उम्र में तो किसी ने 87 में दुनिया को कहा अलविदा

# दो महीने के भीतर कई फिल्मी दिग्गजों का हुआ निधन

*नई दिल्ली। साल 2025 ने हमसे कई ऐसे सितारों को छीन लिया, जिन्होंने इंडस्ट्री और फैन्स के लिए कभी न भूलने वाली विरासत छोड़ी हैं। केवल दो महीने के भीतर हमने बॉलीवुड के करीब 12 दिग्गजों को हमेशा के लिए खो दिया है। हाल के दिनों में कई फिल्मी सितारों का निधन हो गया। पिछले दिनों जहां संजय खान की पत्नी जरीन खान ने इस दुनिया को अलविदा कहा, वहीं ठीक एक दिन पहले ही एक दिग्गज एक्ट्रेस का निधन हो गया। पंकज धीर से लेकर असरानी जेसै कलाकारों ने भी रुखसत ले ली। इन दो महीनों में हमने जिन-जिन सितारों को खोया है, आइए उन पर एक नजर डालते हैं।*

**जरीन खान :** फिल्म एक्टर और प्रड्यूसर संजय खान की पत्नी जरीन खान का हाल ही में 7 नवंबर 2025 को निधन हो गया। 81 साल की जरीन का निधन कार्डियक अरेस्ट की वजह से हुआ था। साल 1960 के दशक में जरीन एक फेमस मॉडल बन चुकी थीं। इसके बाद 'तेरे घर के सामने', 'एक फूल दो माली' जैसी फिल्मों से लोगों के दिलों में जगह बनाई। शादी के बाद फिल्मों से दूर होकर उन्होंने इंटीरियर डिजाइनिंग और होम डेकोर पर ध्यान दिया।

**सुलक्षणा पंडित :** जरीन खान के निधन से ठीक एक दिन पहले जानी-मानी सिंगर-एक्ट्रेस सुलक्षणा पंडित का निधन हुआ। 6 नवंबर को मुंबई के ननावटी हॉस्पिटल में लंबी बीमारी से लड़ते हुए वो जिंदगी की जंग हार गईं। उन्होंने एक बाल कलाकार के तौर पर सिंगिंग में करियर शुरू किया था और अपने परिवार के नक्शे कदम पर आगे बढ़ते हुए प्लेबैक सिंगिंग में भी खूब नाम कमाया। उन्होंने एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपनी पहचान बनाई और अपने परिष्कृत सौंदर्यबोध से कई मशहूर हस्तियों के घरों का कायाकल्प किया।

**सतीश शाह :** फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा थे। सतीश शाह 74 साल के थे। एक्टर ने 25 अक्टूबर को उन्होंने अंतिम सांस ली। बताया गया कि वह लंबे समय से किडनी से जुड़ी बीमारी से जूझ रहे थे। निधन से कुछ समय पहले ही उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उन्होंने जाने भी दो यारो, मैं हूं ना, कल हो ना हो, कभी हां कभी ना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और ओम शांति ओम जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया।



**गोवर्धन असरानी :** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर असरानी का 20 अक्टूबर 2025 को 84 साल की उम्र में निधन हो गया। अपने कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर बॉलीवुड के ये एक्टर निधन से पहले पिछले करीब पांच दिनों से अस्पताल में थे। 20 अक्टूबर की शाम को जुहू के आरोग्य निधि अस्पताल में उनका निधन हुआ। उन्होंने मेरे अपने, कोशिश, बावर्ची, परिचय, अभिमान, चुपके-चुपके, छोटी सी बात और रफू चक्कर जैसी यादगार फिल्मों में शानदार परफॉर्म किया।

**ज़ुबीन गर्ग :** असम के मशहूर सिंगर और हर दिल में बसने वाले ज़ुबिन गर्ग का 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में उनका निधन हो गया। ज़ुबिन सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करने गए थे और इसी दौरान एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। बॉलीवुड से लेकर असमिया और बंगाली तक, कई गानों को अपनी आवाज देने वाले भारतीय बैकग्राउंड सिंगर ज़ुबीन गर्ग के निधन के बाद भारी संख्या में फैन्स उन्हें आखिरी विदाई देने पहुंचे थे।

**पीयूष पांडे :** भारतीय विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे 24 अक्टूबर, 2025 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पीयूष 70 साल के थे। पीयूष सांस लेने में दिक्कतों से जूझ रहे थे। मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में निधन से एक महीने से उनका इलाज चल रहा था।

**पंकज धीर :** लोकप्रिय टेलिविजन और बॉलीवुड एक्टर पंकज धीर ने 15 अक्टूबर, 2025 को अंतिम सांस ली। वो लंबे समय से कैंसर से लड़ रहे थे। लंबी लड़ाई के बाद 68 साल की उम्र में निधन हुआ था। उन्हें 'महाभारत' के कर्ण के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।

**वरिंदर सिंह घुम्मन :** टाइगर 3' फेम एक्टर और मशहूर बॉडीबिल्डर वरिंदर सिंह घुम्मन का हाल ही में दिल का दौरा पड़ने से 53 साल की उम्र में निधन हो गया। वरिंदर सिंह घुम्मन बॉलीवुड एक्टर के साथ-साथ बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में भी उनका नाम है। 9 अक्टूबर, 2025 को उनका निधन हो गया। बताया गया था कि वरिंदर को सीने की मांसपेशियों में चोट लगी थी, इसलिए वे इलाज के लिए अमृतसर गए थे जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।'

**ऋषभ टंडन :** फेमस सिंगर, राइटर और म्यूजिशियन ऋषभ टंडन का 22 अक्टूबर, 2025 को निधन हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। ऋषभ टंडन का 35 साल की उम्र में दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

**क्लासिकल डांसर मधुमती :** दिग्गज एक्ट्रेस और क्लासिकल डांसर मधुमती का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मधुमती अपनी बेहतरीन डांस स्किल्स और एक्टिंग के लिए जानी जाती थीं। उस दौर में उनकी तुलना हेलेन से की जाती थी। उन्होंने कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें आंखें, टॉवर हाउस, शिकारी, मुझे जीने दो जैसी फिल्में शामिल हैं।

**संध्या शांताराम :** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस संध्या शांताराम का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शिवाजी पार्क स्थित वैकुंठ धाम में किया गया। हालांकि उनके निधन के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन खबर है कि वे उम्र संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी।

**सचिन चांदवाड़े :** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की पॉप्युलर वेब सीरीज 'जामताड़ा 2' से फैंस के दिलों को जीतने वाले कलाकार सचिन चांदवाड़े का केवल 25 साल की उम्र में निधन हो गया। खबर आई कि सचिन ने सुसाइड की है, जिसके चलते फंदे पर लटका हुआ एक्टर का शव मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, सचिन का घर महाराष्ट्र के जलगांव पारोला में था और वहीं एक्टर ने अपने फ्लैट में पंखे में फांसी का फंदा लगा लिया।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों को मिलेगा अतिरिक्त पेंशन का लाभ

**रायगढ़।** छग राज्य के वृद्ध पेंशनरों परिवार पेशनरों को अतिरिक्त पेंशन का लाभ प्रदान करने की शर्तो के सबंध में छग शासन वित्त विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है। वृद्ध पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन का लाभ उस कलेण्डर माह के पहले दिन से देय होगी जिसमें यह देय होती है। उदाहरण के लिए यदि 15 जनवरी 1943 को जन्मे पेंशन भोगी परिवार पेंशन भोगी को जनवरी 2023 से मूल पेंशन के 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन की पात्रता होगी। इसी प्रकार जनवरी 1943 को जन्में पेंशन भोगी परिवार पेंशन भोगी को 1 जनवरी 2023 से मूल पेंशन के 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन की पात्रता होगी।

### पुलिस ने किया हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार

**राउरकेला।** प्लांटसाइट थाना पुलिस ने मंगलवार को नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि एसआई गिरिजा नंदिनी गार्डिया और उनकी टीम नियमित गश्त पर थी, तभी विश्वसनीय सूचना पर कांग्रेस भवन के पास स्थित सॉ मिल क्षेत्र में छापेमारी की गई। वहां आरोपी आकाश सोनकर 24, निवासी ट्रैफिक गेट, पंचमंदिर, राउरकेला को हेरोइन के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास से 15 ग्राम 92 मिलीग्राम अवैध हेरोइन, एक हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक ऑडी 14 एके 6120 और एक मोबाइल बरामद किया। बताया गया है कि आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के स्कूली और कॉलेज छात्रों तक नशे की आपूर्ति करता था। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं, जिसमें ब्रह्माणी तरंग थाना में धारा 363/366 आईपीसी तथा प्लांटसाइट थाना में विभिन्न धाराओं में अभियोग लंबित हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21(बी)25 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विधायक प्रतिनिधि पहुंचे शोकाकुल परिवार के घर

**कोसीर।** बुधवार को स्व सहनूदास मानिकपुरी की दशगात्र था। इसमें बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे की विधानसभा प्रतिनिधि प्राण लहरे, हसवंत जांगड़े, उज्जैन रात्रे विधायक प्रतिनिधि, राजू दास महंत, राधेश्याम सुंदर साहू, मनोज कुमार साहू वार्ड पंच शोकाकुल परिवार में पहुंचे। बिरिछदास मानिकपुरी, श्रीमती सेवती बाई मानिकपुरी, उषीबाई मानिकपुरी, ग्राम पंचायत मधाईभाठा पहुंच कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

## पेज 1 का शेष

### तीन व्यापारियों के ...

बिसेन के द्वारा अपने दलबल के साथ कोतबा क्षेत्र में लगातार कार्यवाही से खलबली मच गई है। एसडीएम बिसेन ने मीडिया को बताया कि 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हैं। इस लिहाज से उड़ीसा सीमावर्ती क्षेत्रों सहित संदेहास्पद रास्तों पर नाकेबंदी की कार्यवाही के लिये टीम गठित कर दी गई हैं. उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। ताकि किसानों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानियों का सामना करना ना पड़े। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस वर्ष अवैध धान के बिचौलियों पर प्रशासन की नजर हैं। जिस पर इस तरह की लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### पूछताछ में खोले ...


से पति के सिर पर दो बार वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात 2 बजे उठकर शव को सूटकेस में भरकर छुपाया और खून साफ किया। अगले दिन घर लॉक कर फरार होने के इरादे से रायगढ़ के लिए निकल गई और वहां से मुंबई जाने की कोशिश कर रही थी। आरोपिया की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त शील पट्टा भी बरामद कर लिया है। अपराध स्वीकारोक्ति और ठोस सबूतों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि पति की हत्या कर फरार हुई आरोपिया मंगरीता भगत को जशपुर पुलिस ने जीआरपी रायपुर और आरपीएफ की सहायता से महाराष्ट्र के मनमाड़ जंक्शन से गिरफ्तार कर लिया है। अपराध स्वीकार करने के बाद उसे जेल भेजा जा रहा है।"

### कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना उद्देश्य

# डिजिटल प्रशासन को सुदृढ़ बनाने ई-ऑफिस प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





डिजिटल प्रशासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कलेक्टोरेट कार्यालय के मंत्रणा मीटिंग हॉल में जिला स्तरीय ई-ऑफिस एवं SPARROW प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं ई-ऑफिस के नोडल अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर से मास्टर ट्रेनर विनोद देवांगन, रवि निषाद तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नरेश कुमार साहू, संजय खाखा, विक्की गुप्ता, शशिकांत नायक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र जशपुर एवं जिले के सभी विभागों के लगभग 150 अधिकारीगण व कर्मचारी इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए और सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। इसमें पत्रों का अधिकारियों के बीच संचलन, ड्राफ्ट तैयार करना, नोटशीट निर्माण और पत्र प्रेषण जैसी प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार एक पत्र या फाइल विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों के पास पहुँचती है और किस तरह उसका निस्तारण किया जाता है। इस अभ्यास से अधिकारियों को डिजिटल माध्यम से कार्य करने की वास्तविक समझ प्राप्त हुई। सत्र में SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) प्रणाली का भी परिचय कराया गया। यह प्रणाली गोपनीय प्रतिवेदन तैयार करने और उसे सुरक्षित रूप से संधारित करने के लिए विकसित की गई है। अधिकारियों को बताया गया कि SPARROW के माध्यम से मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सटीक और व्यवस्थित हो जाएगी। इससे न केवल अधिकारियों के कार्य का निष्पक्ष मूल्यांकन संभव होगा बल्कि प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी। इस प्रशिक्षण का महत्व इसलिए भी है क्योंकि जिले में पत्र एवं फाइलों के संचलन को सरल और सुगम बनाने के लिए यह आवश्यक था कि सभी विभागों के अधिकारी एक समान रूप से प्रशिक्षित हों। ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से अब फाइलों का संचलन तेज़ी से होगा, समय की बचत होगी और कार्यों में पारदर्शिता आएगी। इससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी और जनता को सेवाएँ समय पर उपलब्ध कराई जा सकेंगी। जिले के अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया। उनका कहना था कि ई-ऑफिस और SPARROW जैसी डिजिटल प्रणालियाँ प्रशासनिक कार्यों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करती हैं। इससे न केवल कार्यप्रवाह में सुधार होगा बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई तकनीकों को अपनाने की तत्परता दिखाई। कलेक्टोरेट कार्यालय में आयोजित यह प्रशिक्षण सत्र डिजिटल इंडिया के विज़न को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ जिले में सुशासन की नींव को मजबूत करेगी।

# सरगुजा संभाग में होगी आदिवासी भाषाओं में पढ़ाई लिखाई: रथ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ में अत्यंत प्रभावी और संतुलित रूप से हो रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे निरंतर सुधारों और नवाचारों के कारण आज छत्तीसगढ़ देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि अनुभव, प्रयोग और अभिव्यक्ति का माध्यम बन गया है।



मुख्यमंत्री साय के विशेष निर्देश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सरगुजा संभाग के विभिन्न आदिवासी व स्थानीय मातृभाषाओं जैसे - कुडूख, सादरी, सरगुजिहा, छत्तीसगढ़ी व ओड़िया में भी प्राथमिक शिक्षा देने के लिए सभी जिलों में त्रिस्तरीय विशेष प्रशिक्षण व द्वैभाषिक पुस्तक तैयार किया जा रहा है। ताकि विद्यार्थी प्रारंभ से ही स्थानीय संस्कृति, परंपरा, ञान, विञान, कौशल, धर्म, अध्यात्म, इतिहास, कला, जीवन दर्शन को आत्मसात कर सके और अपनी मातृभाषा में सरलता से शिक्षा से जुड़ सकें। जेपी रथ ने कहा कि एससीईआरटी के माध्यम से राज्य में अनेक रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा, खोज की भावना और जीवन कौशल का विकास करना है। हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी और बाल विज्ञान मेला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां बच्चों ने अपने नवाचारों के माध्यम से यह साबित किया कि शिक्षा अब किताबों से निकलकर जीवन से जुड़ चुकी है। उन्होंने बताया कि एससीईआरटी द्वारा आयोजित विज्ञान नाटिका, शैक्षिक मॉडल निर्माण, नवाचार आधारित प्रतियोगिताएं, और फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी जैसे कार्यक्रमों ने शिक्षा की गुणवत्ता में ठोस सुधार किया है। साथ ही, शिक्षकों के लिए नियमित रूप से क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# जुआंग जनजाति लैंगिक संतुलन की मिसाल, 54 गांवों में हैं निवासरत

**राउरकेला।** जहां पूरे देश और राज्य में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या अधिक है, वहीं ओडिशा के केंदुझर जिले की आदिम जनजाति जुआंग समाज ने एक नई मिसाल कायम की है। इस जनजाति में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक दर्ज की गई है, जो सामाजिक संतुलन और महिला सशक्तिकरण का सकारात्मक संकेत है।



केंदुझर एक आदिवासी बहुल जिला है, जहां जुआंग, भुइयाँ, संथाल, कोल्ह और बाथुड़ी जैसी जनजातियां निवास करती हैं। जिले की कुल जनसंख्या 18,01,733 है, जिनमें पुरुष 9,06,487 और महिलाएं 8,95,246 हैं। हालांकि जिले के स्तर पर महिलाओं की संख्या थोड़ी कम है, लेकिन जुआंग समाज ने इस प्रवृत्ति को उलट दिया है। जिले के 54 गांवों में निवासरत जुआंग जनजाति के 2583 परिवारों की कुल जनसंख्या 12,388 है, जिनमें 6,135 पुरुष और 6,253 महिलाएं हैं। यानी यहां हर 1000 पुरुषों पर 1019 महिलाएं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह अनुपात समाज में महिलाओं की बेहतर स्थिति और सामाजिक समानता का प्रतीक है। जुआंग जनजाति राज्य और देश के लिए लैंगिक संतुलन की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी है।

### सामल फार्मास्यूटिकल्स में छापेमारी, दवाई जब्त

**राजगांगपुर।** शहर के मेन रोड स्थित सामल फार्मास्यूटिकल्स दवा दुकान में सोमवार को औषधि विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी कर दो पेटी दवाएं जब्त कीं। इस कार्रवाई ने स्थानीय व्यापारिक हलकों में हलचल मचा दी है। छापेमारी राउरकेला और सुंदरगढ़ के औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा राजगांगपुर पुलिस की सहायता से की गई। हालांकि छापेमारी के वास्तविक कारणों को लेकर अधिकारियों ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी और औषधि निरीक्षक ने प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई कई घंटों तक चली और बड़ी सावधानी के साथ दवाओं की जांच की गई। बताया जा रहा है कि राजगांगपुर क्षेत्र में कई दवा दुकानों के पास लाइसेंस नहीं हैं, वहीं कई दुकानें बिना प्रमाणित फार्मासिस्ट के संचालन में हैं।

# कृत्रिम गर्भाधान से जन्मी प्रथम पुंगनुर मादा वत्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मत्स्य पालन पशुपालन,रेशम पालन, कृषि के क्षेत्र विस्तार को निरंतर बढ़ावा दे रहे है इसका साकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। जशपुर जिले ने पशुपालन क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है।

कृत्रिम गर्भाधान पद्धति के माध्यम से जिले को पहली बार पुंगनुर नस्ल की मादा वत्स (बछिया) प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि जिले के पशु चिकित्सालय पत्थलगांव में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी केके पटेल के अथक प्रयासों से संभव हो सकी। पटेल ने ग्राम करमीटिकरा, करूमहुआ के किसान खगेश्वर यादव की देशी गाय को पुंगनुर नस्ल के सांड़ के हिमकृत वीर्य से दिनांक 29 जनवरी 2025 को गर्भित किया था। लगभग 284 दिनों के गर्भकाल के बाद गाय



ने 11 नवंबर 2025 को एक स्वस्थ पुंगनुर मादा वत्स को जन्म दिया जो जिले के लिए गर्व का क्षण बन गया। पुंगनुर गाय का मूल स्थान आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिले का पुंगनुर क्षेत्र है। यह गाय विश्व की सबसे छोटी नस्ल के रूप में जानी जाती है। इसकी औसत ऊंचाई 70 से 90 सेंटीमीटर तथा वजन 110 से 200 किलोग्राम तक होता है। यह गाय कम चारा, कम देखभाल और कठिन परिस्थितियों में भी सहज रूप से जीवित रह सकती है। इसका दूध भले ही 1 से 2 लीटर प्रतिदिन ही हो, लेकिन इसमें A2 प्रोटीन की अधिकता होने के कारण यह अत्यंत पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। पुंगनुर गाय का स्वभाव मृदु, स्नेहिल और मित्रवत होता है, जिससे इसे पालतू सहचर पशु के रूप में भी घरों में पाला जा सकता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर डॉ. बीपी भगत ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी केके पटेल और किसान खगेश्वर यादव को शाल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल पत्थलगांव बल्कि पूरे जशपुर जिले के लिए गौरव की बात है। इससे पशु नस्ल सुधार की दिशा में नए रास्ते खुलेंगे। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में भी पशुधन संवर्धन और उच्च नस्ल प्राप्ति संभव है।

# कलेक्टर ने लिया एनएच निर्माण कार्य का जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने भंवरपुर के पास निर्मित एनएच सड़क निर्माण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ठेका कर्मी से सड़क में उपयोग किए जा रहे मटेरियल की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि हरदी सारंगढ़ दानसरा बायपास तक लगभग 12 किमी सड़क मार्ग निर्माण किया जा रहा है।

इस कार्य में पेड़ कटाई, विद्युत खम्भे शिफ्टिंग, अतिक्रमण को हटाना एक साथ सयुंक्त दल द्वारा किया जा रहा है।

# बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग पर अड़ा आदिवासी समाज

- वीर बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम की तैयारी पर विवाद
- कहा पहले नामकरण व प्रतिमा स्थापना हो तभी होगा आयोजन

**राउरकेला।** आगामी 15 नवंबर को वीर बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर 13 स्थित मिलन मैदान में प्रशासन द्वारा तैयारियां चल रही थीं, लेकिन मंगलवार को ईसाई समाज से जुड़े आदिवासी नेताओं ने मौके पर पहुंचकर लोकनिर्माण विभाग के कार्य को रोक दिया। उनका कहना है कि जब तक मैदान का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर नहीं रखा जाता और उनकी प्रतिमा स्थापित नहीं की जाती, तब तक यहां कोई समारोह नहीं होगा। आदिवासी नेता बेनेडिक्ट तिर्की ने कहा कि प्रशासन अगर सच में वीर बिरसा मुंडा का सम्मान करना चाहता है तो पहले मिलन मैदान को उनके नाम से नामित करें। उन्होंने यह भी कहा कि बिरसा चौक में पहले से ही बड़ी प्रतिमा स्थापित है, इसलिए वहीं पर आयोजन होना चाहिए। वहीं आदिवासी समाज के सुशील किंडो ने सवाल उठाया कि राउरकेला स्टील प्लांट की अधीन भूमि पर लोकनिर्माण विभाग कार्य क्यों कर रहा है। आदिवासी नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बातचीत के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला।

# कुपोषित मासूम की लौटाई मुस्कान

**कोसीर।** जिला अस्पताल सारंगढ़ की पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी टीम ने कुपोषण से पीड़ित दो वर्षीय बच्ची का सफल उपचार कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। बच्ची अत्यंत कमजोर और बार-बार बीमार रहती थी। जिला अस्पताल में भर्ती कर जांच की गई तो उसे गंभीर कुपोषण की स्थिति में पाया गया। भर्ती के बाद चिकित्सकों की टीम ने लगातार 15 दिनों तक विशेष उपचार और पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराया। बच्ची को नियमित रूप से एफ-75 एवं एफ-100 डाइट, आवश्यक दवाइयाँ, टीकाकरण और चिकित्सीय निगरानी दी गई। धीरे-धीरे उसका स्वास्थ्य सुधारने लगा, वजन बढ़ा और चेहरा फिर से खिल उठा। मासूम के परिजनों ने बताया कि अब बच्ची पहले से कहीं अधिक स्वस्थ है और सामान्य गतिविधियाँ करने लगी है। इस उपचार में सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती पटेल, सरला कुर्रे, भुवनेश्वरी पटेल, सहित पोषण पुनर्वास केंद्र की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जनजातीय गौरव दिवस पर होगी विशेष ग्रामसभा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को माह नवम्बर 2025 में ग्रामसभाओं के सुचारू आयोजन के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के अनुसार प्रत्येक तीन माह में एक बार ग्रामसभा का आयोजन आवश्यक है। शासन के निर्देशानुसार वर्ष में निर्धारित तिथियों 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अगस्त एवं 02 अक्टूबर के अतिरिक्त माह जून एवं नवम्बर में भी ग्रामसभा आयोजित की जानी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद पंचायतवार समय-सारिणी तैयार कर यह सुनिश्चित किया जाए कि एक ही दिन किसी ग्राम पंचायत के एक ग्राम में ही ग्रामसभा आयोजित हो, ताकि सरपंच एवं सचिव ग्रामसभा में उपस्थित रह सकें। कलेक्टर व्यास ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रामसभा सम्मिलनों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं जनसहभागिता पूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि ग्रामीण विकास की दिशा में पंचायतें और अधिक सशक्त बन सकें। ग्रामसभा की सूचना पंचायत के सूचना पटल पर चिपकाने, ग्राम के प्रमुख स्थलों पर चस्पा करने एवं मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामसभा प्रभारी की नियुक्ति समयपूर्व की जाएगी तथा सचिवों एवं प्रभारी अधिकारियों का एजेण्डा आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए और उसे "ग्रामसभा निर्णय मोबाइल ऐप में अपलोड किया जाए। ग्रामसभा की सभी गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।

# वाटर क्लीनिंग एसयूवी अनमैंड सर्फेस व्हीकल पर आधारित है पार्थ का शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



- मात्र तीन महीनों के भीतर दूसरा पेटेंट प्राप्त कर उन्होंने यह साबित किया

शोधकर्ता पार्थ विश्वास पर्यावरण तकनीक विशेषज्ञों में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। मात्र तीन महीनों के भीतर दूसरा पेटेंट प्राप्त कर उन्होंने यह साबित किया है कि स्वदेशी शोध कार्य भारत के जल प्रदूषण संकट के लिए नई उम्मीद बन सकता है।

उनका नवीनतम पेटेंट एक अत्याधुनिक एआई आधारित ऑटोनोमस वाटर क्लीनिंग एसयूवी अनमैंड सर्फेस व्हीकल पर आधारित है, जो नदियों, झीलों और तालाबों में तैरते प्लास्टिक कचरे को पहचानकर इकट्ठा करता है और आगे उसे क्रूड ऑयल में बदलने की व्यवस्था से जोड़ने में सक्षम है। यह तकनीक भारत जैसे देश के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहाँ बड़े शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों में जल प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। आज भी अधिकांश सफाई नौकाएं पानी से प्लास्टिक निकालकर उसे जमीन पर फेंक देती हैं, जिससे वही कचरा दोबारा पानी में लौट आता है।

पार्थ विश्वास की तकनीक इस पूरी प्रक्रिया को स्थायी रूप से समाप्त करने का लक्ष्य रखती है। उनका यूएसवी सिस्टम एआई स्मार्ट नेविगेशन, ऑब्स्टेकल अवॉयडेंस, रियल टाइम वेस्ट मैपिंग और रोबोटिक्स का उपयोग करता है, जिससे कई रोबोट एक साथ मिलकर बड़ी जल सतहों की सफाई कर सकते हैं। सिस्टम का विशेष मॉड्यूलर डेक डिजाइन इसे भविष्य के शोध और पर्यावरण परियोजनाओं के लिए भी उपयोगी बनाता है।

